JALAUN POLICE

**दिनांक – 17.06.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा भैंस चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये 03 शातिर चोरों को चोरी की 04 अदद भैंस व 02 अदद चाकू के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।**

अवगत कराना है कि दिनांक 11.06.2025 को वादी द्वारा थाना नदीगांव में 04 भैंस चोरी हो जाने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना नदीगांव में मु0अ0सं0 73/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं सुरागरसी-पतारसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम छिरिया सलेमपुर से 03 अभियुक्तगण 1. संजीव उर्फ संगम जाटव पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी कस्बा व थाना रेंढर जिला जालौन 2. शमशेर पुत्र नन्हे खां निवासी ग्राम मलकपुरा कोतवाली जालौन जनपद जालौन 3. चांद नूर पुत्र फइयाद खां निवासी कस्बा व थाना रेंढ़र जनपद जालौन को 04 भैंस व 02 अदद चाकू के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी है। अभियुक्तगण से बरामदगी के सम्बन्ध में कोतवाली जालौन में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

**पूंछतांछ का विवरण**

पूंछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग दिनांक 11.06.2025 की रात्रि मे ग्राम गनेशपुरा थाना नदीगांव से 04 भैंस चोरी किए थे जिन्हे आज दूसरी जगह रखने के लिए ले जा रहे थे तथा हम लोग अपनी सुरक्षा के लिये चाकू रखते हैं। आज हम लोग भैंस ले जा रहे थे। उसी दौरान आप लोगो ने पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. संजीव उर्फ संगम जाटव पुत्र दुर्गा प्रसाद उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम रेंढर थाना रेंढर जिला जालौन
2. शमशेर पुत्र नन्हे खां उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम मलकपुरा कोतवाली जालौन जनपद जालौन
3. चांद नूर पुत्र फइयाद खां उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम रेंढर थाना रेंढर जनपद जालौन

**बरामदगी का विवरण-**

1. 04 अदद भैंस (अनुमानित कीमत करीब 2.25 लाख रूपये)
2. 02 अदद अवैध चाकू

**पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक जालौन मय पुलिस टीम।